

## युवाओं का उत्साह असली ताकत है : डॉ . मिश्रा

### भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 मई।** भारतीय जनता पार्टी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को दतिया में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया स्थानीय वृंदावन धाम धर्मशाला में हुए सम्मेलन में अहिरवार जाटव एवं दोहरे समाज के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर एकजुटता दिखाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश पूर्व ग्रहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने समाज के वरिष्ठजनों और बुजुर्गों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया समाज के युवाओं में दिखा जोश भाजपा की सदस्यता ली।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ मिश्रा ने कहा भाजपा किसी एक वर्ग की नहीं सर्वसमाज की पार्टी है आज सभी वर्गों का जो समर्थन मिल रहा है वह बताता है कि जनता का विश्वास सिर्फ भाजपा पर है नवयुवाओं का उत्साह और बुजुर्गों का आशीर्वाद ही हमारी असली राजनीतिक और सामाजिक शक्ति है सम्मेलन में मुख्य रूप से सम्मेलन में स्थानीय बस्तियों के नागरिक प्रबुद्धजन और समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नि:शुल्क जांच

**दतिया, 29 मई।** बदलती जीवनशैली और खान-पान के बीच मधुमेह (ैनहंत) और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां आम होती जा रही हैं। इन्हीं स्वास्थ्य चुनौतियों को देखते हुए, दतिया के जाने-माने चिकित्सक 'डॉ. हेमंत जैन' ने एक सराहनीय पहल की है। डॉ. हेमंत जैन क्लिनिक, हनुमान गढ़ी के पास, दतिया में अब मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवा की पहल की जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को समय पर जांच और सही चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराना है ताकि गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सके। क्लीनिक की प्रमुख सुविधाएं, 'मधुमेह की जांच एवं विशेषज्ञ सलाह' उच्च रक्तचाप की जांच एवं परामर्श व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल और परामर्श अनुभवी चिकित्सक द्वारा विश्वसनीय चिकित्सीय मार्गदर्शन डॉ. हेमंत जैन का मानना है कि ष्स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। यदि आप या आपके परिवार में कोई भी मधुमेह या उच्च रक्तचाप की समस्या से जूझ रहा है, तो बिना किसी शुल्क के सलाह और परामर्श के लिए आज ही क्लीनिक पर आएँ।

## सनकुआं : सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 मई।** संनकुआ घाट सेवढ़ा पर लगातार हो रही डूबने की घटनाओ को रोकने हेतु सुरक्षा व्यवस्था एवं घटना क्षेत्र के थानो की सीमाओ के निर्धारण के सम्बन्ध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेवड़ा द्वारा जिलाधीश दतिया के नाम सेवढ़ा तहसीलदार राजेंद्र जाटव को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया गया कि, राजस्व एवं थानो की समीओ के निर्धारण को लेकर बोर्ड लगाए जाए जिससे दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र की पहचान कर पीड़ित परिवार जनो को जल्द न्याय मिल सके।नदी पर डेंजर जोन में रस्सी जंजीर एवं बेरीकेडिंग लगाए जाए। बचाव दल एवं गोताखोरो की स्थाई व्यवस्था की जाए। घाटों पर चेतावनी बोर्ड एवं गहराई सम्बंधी संकेतक लगवाये जावे। विशेष पर्वों पर पुलिस बल की पूरे टाइम तैनाती की जावे। नौकायान के समय पर्यटकों को लाइफजैकेट पहनने की अनिवार्यता की मांग एवं नदी पर डले स्टीमर में चौबीस घंटे पेट्रोल उपलब्ध बनाए रखने की मांग।

सेवढ़ा में दु:खद घटनाएं होने पर शव वाहन उपलब्ध नहीं हैं शाशन एवं प्रशासन द्वारा किसी भी मद से शव वाहन की व्यवस्था की जावे। इन मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा और कहा कि आगे से इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो! अत: सनकुआ पर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सभी व्यवस्थाएं कराई जाएं। ज्ञापन के समय ब्लॉक अध्यक्ष देशराज कुशवाह, बादशाह खान, आदि जन मौजूद रहे।



## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कल

**दतिया, 29 मई।** 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने के निर्देश जारी किए गए हैं।सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार जिले भर में तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## माहवारी स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की जरूरत : कलेक्टर

### ग्लोबल माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 मई।** माहवारी स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अब समाज में खुलकर बात करने की आवश्यकता है। बाला किट उन बालिकाओं एवं महिलाओं तक प्राथमिकता से पहुंचाई जाए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। कम से कम 6 माह तक किट के उपयोग का नियमित फॉलोअप किया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किट का सही तरीके से उपयोग हो रहा है या नहीं तथा उपयोगकर्ताओं को किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही। जो भी मैदानी अमला 6 माह तक इस कार्य का गंभीरता से फॉलोअप करेगा, उसका कलेक्ट्रेट स्तर पर सम्मान किया जाएगा।




उक्त बात ग्लोबल माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, दतिया में महिला एवं बाल विकास विभाग दतिया द्वारा आयोजित माहवारी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के वर्मा, मास्टर सीडीपीओ, बीएमओ, सुपरवाइजर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नालियों पर टूटे जाल होने से वार्डवासियों व चालकों को हो रही परेशानी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 मई।** नगर पालिका की अनदेखी के कारण शहर की वार्ड 4 में जगह -जगह नालियों पर लगे लोहे के टूटे जाल से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका की लापरवाही के कारण नाली पर जालियां तक नहीं लगाई गई है और कई नालियां ऐसी हैं, जहां लगी जाल टूटे काफी समय हो गया है, लेकिन अभी तक बदला नहीं है। जालियां टूटी होने के कारण आए दिन दो पहिया वाहन चालक टूटे जालों में फंसकर गिरते हैं।



काफी समय से टूटी पड़ी है जालियां-विभागीय अनदेखी के कारण वार्डो में ऐसी कई नालियां है जिन पर लगी जालियां लंबे समय से टूटी पड़ी है, लेकिन अभी तक बदलवाया नहीं गया है। वार्ड 4 के निवासियों ने बताया कि नाली पर जाली को टूटे हुए काफी समय हो गया है और क्षेत्रीय पार्षद को इस बारे में अवगत करा दिया गया है, लेकिन अभी तक जाली को बदलवाया नहीं गया है।

नाली पर जाली टूटी होने के कारण कई वाहन दुर्घटना का शिकार हो गए है। सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है, क्योंकि अंधेरा होने के कारण टूटी जाली दिखाई नहीं देती है।

## नो हैवी व्हीकल जोन में प्रवेश करने पर ट्रक चालक पर जुर्माना

**दतिया, 29 मई।** थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक सपना शर्मा द्वारा शहर में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु निरंतर निगरानी एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चलानी कार्रवाई की जा रही है। शाम राजगढ़ चौराहा स्थित नो व्हीकल जोन में प्रवेश कर यातायात व्यवस्था प्रभावित करने वाले एक ट्रक चालक को थाना यातायात पुलिस द्वारा पकड़ा गया।

चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 5,000 का जुर्माना वसूल किया गया। दतिया पुलिस द्वारा आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें तथा नो व्हीकल जोन में भारी वाहनों का प्रवेश न करें, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित बनी रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी तीन घंटे में गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 मई।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दुष्कर्म के आरोपी को 3 घण्टे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना का विवरण-देते हुए कोतवाली टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 26 मई को पीड़िता के द्वारा थाना पर उपस्थित होकर आरोपी शुभम पिप्पल उर्फशिब्बू निवासी थाटीपुर ग्वालियर के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म करने , जान से मारने की धमकी देकर पीडिता से ब्लैक मेल कर सोने के जेवरातो को आरोपी के द्वारा लिये जाने की रिपोर्ट किया।



रिपोर्ट पर से तत्काल अप बीएनएस व पाक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपियों की धरपकड़ में उक्त मामले की गंम्भीरता व संवेदनशीलता को देखते हुये सशक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा सायबर सेल, तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर तंत्र के आधार से प्रकरण के आरोपी शुभम पिप्पल उर्फ शिब्बू पुत्र प्रवेन्द्र सिह पिप्पल निवासी थाटीपुर ग्वालियर के ठिकनो पर दबिंश देकर कानून व्यवस्था को नियंत्रण मे बनाये रखते हुये बडी ही सावधानी से आरोपी को थाटीपुर ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ मे पीड़िता को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म करना व ब्लैक मेल करना स्वीकार किया। बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। इसी तरह उप-निरीक्षक अंशुल अरोरा ने मुखबिर की सूचना पर 5-5 हजार के ईनामी आरोपियों में मलखान परिहार एवं सुरेन्द्र परिहार को गिरफ्तार किया।

## लापरवाही पर सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक पर कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय कुमार तेम्रवाल द्वारा समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के द्वारा जल संरक्षण से संबंधी प्रगतिरत कार्यों पर मस्टररोल जारी नहीं किये जाने से कार्यों को पूर्ण कराने में लापरवाही परिलक्षित होने से ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई।

श्री तेम्रवाल द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की उनमें यादवेन्द्र सिंह यादव बहादुरसिंह जाटव सचिव ग्राम पंचायत पचोखरा, राममिलन लोधी ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत जैतपुर तथा अवधेश कुमार लोधी ग्राम रोजगार सहायक अतिरिक्त ग्राम पंचायत बरधुवॉ दिलीप शर्मा उपयंत्री एवं सुव्रत उपयंत्री रामविहारी दाँगी सरपंच चिरौली, संजीव कुमार पण्डोलिया सरपंच बसई, नरेश अहिरवार सरपंच करारीखुर्द, श्रीमती चंद्रवटी जाटव सरपंच डंगराकुआ, श्रीमती शशी कमरिया सरपंच भदेवरा, श्रीमती सुमन कंजर सरपंच सेरसा, श्रीमती प्रवाती राजपूत सरपंच मुडरा, विपीन दाँगी सरपंच खिरियाधाँधू, श्रीमती मुलिया रावत सरपंच सतारी, उमेश कुमार वंशकार सरपंच बुधेड़ा, श्रीमती खुशबू वर्मा सरपंच बरधुवॉ को पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के प्रावधान के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 07 दिवस में जवाब देने हेतु कहा गया है।

## अवैध क्लीनिक और स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**उज्जैन, 29 मई.** जिले में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक, अस्पताल और स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध सघन जांच और कार्रवाई लगातार जारी है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिले में गठित विशेष जांच दल द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 140 स्थानों पर जांच की गई. इनमें 28 संस्थान पंजीकृत तथा 112 अपंजीकृत पाए गए. अपंजीकृत संस्थानों में से 18 को सील किया गया है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि विभाग द्वारा गठित जांच दल ने 10 मई से विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान चलाया है. क्लीनिकों के पंजीयन के लिए अब तक 57 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इनमें होम्योपैथिक के 25, आयुर्वेदिक के 16, एलोपैथी के 11, डेंटल के तीन और पैथालॉजी के दो आवेदन शामिल हैं.



## धर्मेन्द्र बने बीआरसी दतिया

**दतिया, 29 मई।** विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र दतिया की नवीन पद स्थापना जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र रतलाम होने से संबंधित को कार्य मुक्त पश्चात कार्य की सुविधा की दृष्टि धर्मेन्द्र कुमार मांझी को बी.आर.सी दतिया का प्रभार सौंपा। श्री माझी के बी.आर.सी बनने पर कार्यालय में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान बी.ए.सी प्रशांत मिश्रा, श्रीमती कल्पना तिवारी, साधना श्रीवास्तव, दीपक दांगी, रेखा पाल, मनोज दुवे, बुद्ध सिंह दांगी, रमाशंकर योगी सहित अन्य शिक्षकों ने उनका फूलमाला से स्वागत किया।



## सूरज सिंह निरीक्षक के पद पर पदोन्नत

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 29 मई।** 29वीं बटालियन के ऑफिस में सादा समारोह में उप सेनानी राकेश खाका द्वारा उप निरीक्षक सूरज सिंह को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर वाहिनी के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने उनको बधाई दी इन में प्रमुख रूप से निरीक्षक लखनलाल क्वार्टर मास्टर संतोष कुमार सेन सूबेदार मेजर सजल विदुआ उप निरीक्षक रमेश सिंह सेंगर स्टेनो कपिल शर्मा उप निरीक्षक राशिद खान मुख्य क्लर्क सहायक उपनिरीक्षक उमेश शर्मा हिमालय सेन अंजली सिंह राधा गुप्ता ,सहायक उप निरीक्षक कमलेश प्रजापति, हीरा सिंह, शगुन सिंह यादव कोमल सिंह यादव, प्रधान आरक्षक जगदीश प्रसाद, अखिलेश सिंह आरक्षक, अजमेर सिंह, संजय सिंह रावत, केके तिवारी समेत समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने श्री सूरज सिंह के पदोन्नति पर उनको बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी

## गेहूं खरीदी का आंकड़ा अब 104 .22 लाख मीट्रिक टन पहुंचा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 मई.** प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन हुआ है. मप्र को गेहूं खरीदी के लिये 78 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था. राज्य सरकार के आग्रह पर केन्द्र सरकार ने इस लक्ष्य को 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया था. शुक्रवार खरीदी का आखिरी दिन है.

मप्र न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 13 लाख 41 हजार 266 किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नम्बर-1 है, वहीं गेहूं उपार्जन के मामले में पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है. कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है. प्रदेश में लघु एवं सीमांत किसानों से सबसे पहले गेहूं की खरीदी की गई. कुल 8 लाख 9 हजार 990 सीमांत एवं लघु कृषकों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की गई.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया. साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूं के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली. उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये थे, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी थी.

## जीआरपी ने 8 घंटे में मासूम को किया बरामद

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई.** जीआरपी भोपाल ने त्वरित कार्रवाई और तकनीकी जांच के दम पर रेलवे स्टेशन से अपहृत दो वर्षीय बालक को महज आठ घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

रेल पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व जीआरपी भोपाल थाना प्रभारी निरीक्षक जहीर खान ने किया। टीम ने तकनीकी और मैदानी जांच के जरिए आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की।



पुलिस के अनुसार कटनी निवासी सीतू यादव 26 मई को अपने पति के साथ मजदूरी की तलाश में भोपाल आई थीं। उनका पति काम की तलाश में चला गया, जबकि वह अपने दो वर्षीय पुत्र के साथ भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 स्थित मुसाफिरखाने के पास बैठी थीं। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बच्चे को खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। शिकायत मिलते ही जीआरपी ने रेलवे स्टेशन परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को लेकर इटारसी दिशा की ओर जाने वाली ट्रेन में सवार होता दिखाई दिया। तकनीकी विश्लेषण और निगरानी के आधार पर पुलिस ने आरोपी का पीछा किया और ट्रेन क्रमांक 12621 तमिलनाडु एक्सप्रेस के जनरल कोच से उतरते समय उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया. पुलिस ने बालक को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिवार ने जीआरपी भोपाल का आभार व्यक्त किया।



## ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना जरूरी : बेटी राजा

**दतिया, 29 मई।** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं भरी पड़ी हैं, इन्हें तराशने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना बहुत आवश्यक हैं, ताकि ग्रामीण खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिल सके। यह विचार महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक घनश्याम सिंह की पुत्री बेटी राजा माण्डवी कुमारी ने ग्राम पहाड़ में आयोजित नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित कर व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि ग्राम पहाड़ में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सराहनीय कदम हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

**भांडेर, 29 मई।** इन दिनों ग्रामीण अंचलों में अघोषित बिजली की कटौती की जा रही है। जो लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। इसे लेकर लोगों में तेजी से आक्रोश बढ़ रहा है। दिन-रात में बिजली कटौती कई बार की जा रही है। रोज करीब चार घंटे बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। इसके अलावा कई बार बिजली की आंख मिचौली बराबर चलती रहती है। बिजली न मिलने से लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हो रहे हैं। वहीं रात में मच्छरों के कारण रतजगा कर रहे हैं। दिन में लाइट चली जाने से लोगों की दिनचर्या पर विपरीत असर पड़ने लगा है। एक तो लोगों को बिजली नहीं मिल रही, वहीं हर माह बढ़े-चढ़े बिल जरूर थमा दिए जाते हैं, जिससे तेजी से असंतोष पनपने लगा है। बिजली गुल होने के बाद पता नहीं होता है कि बिजली दोबारा कब आएगी। दिन हो या रात बस लोगों को अघोषित बिजली कटौती का ही भय सताता रहता है कि बिजली ना जाने कब गुल हो जाए।